आज समाज 31/01/2025

जीएमएन कॉलेज में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि

आज समाज नेटवर्क

श्रद्धांजलि देते स्टाफ व स्टूडेंट्स।

अंबाला। महात्मा गांधी जी के 77वीं पुण्यतिथि पर(शहीदी दिवस) के अवसर पर गांधी अध्ययन केंद्र एवं इतिहास विभाग, गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के द्वारा 2 मिनट का मौन रखा गया एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिख सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,अंबाला कैंट के छात्र एवं छात्राओं के साथ-साथ वहां के प्राध्यापकों ने भी गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला कैंट के प्राचार्य,डॉ रोहित दत्त ने महात्मा गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं कहा कि महात्मा गांधी भारत के ही नहीं बल्कि दुनिया के इतिहास में एक ऐसी शख्सियत है जिन्होंने बिना किसी हिंसा के भारत को न केवल आजादी दिलवाई बल्कि साथ ही साथ भारत को एक नए राष्ट्र के रूप में खड़ा किया।

आज के समय में महात्मा गांधी जी के मूल्य एवं दर्शन का बहुत ही ज्यादा महत्व है।तत्कालीन सरकार के द्वारा महात्मा गांधी जी के दर्शन को फॉलो करते हुए आत्मनिर्भर भारत के तहत भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। डॉ धर्मवीर सैनी,इंचार्ज गांधी अध्ययन केंद्र एवं अध्यक्ष इतिहास विभाग ने बताया कि महात्मा गांधी जी भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के एक ऐसे नेता थे जिन्होंने न केवल भारत को आजादी दिलवाई बल्कि एक ऐसे राष्ट्र का सपना देखा था जो कि अपने आप में एक आत्मनिर्भर भारत हो। महात्मा गांधी जी ने एक ऐसे साम्राज्य को अपने अहिंसात्मक रास्ते के माध्यम से खत्म कर दिया जिसके बारे में यह कहा जाता था कि ब्रिटिश साम्राज्य का सूरज कभी अस्त नहीं होता। आज नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत जो इसका उद्देश्य रखा गया है वह उद्देश्य महात्मा गांधी जी के दर्शन में हमें साफ नजर आता है।

डॉक्टर सैनी ने बताया कि गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला कैंट के गांधी अध्ययन केंद्र के द्वारा लगातार महात्मा गांधी जी के दर्शन एवं उनके मूल्यों का प्रचार छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सोसाइटी में किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज इस अवसर पर सिख सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों को गांधी अध्ययन केंद्र का विजिट करवाया गया तथा उनको महात्मा गांधी जी के दर्शन एवं मूल्य से अवगत कराया गया।